**निदेशक भू–अर्जन की अध्यक्षता में दिनांक–22.04.2025 को 11.00 बजे पूर्वा0 में भू–अर्जन से संबंधित चल रही विभिन्न केन्द्रीय/राजकीय परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

1. **उपस्थितिः– यथा संधारित पंजी के अनुसार।**

2. सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित पथ निर्माण विभाग एवं MoRTH के प्रतिनिधिओं का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही आरंभ की गयी। उनके द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं/परियोजनाओं का जिक्र किया गया, जो निम्नवत् हैः–

(क) **4L of Munger- Mirzachauki section from Munger to Kharia village junction from km 69+520km 95+580 (Pkg-1)**– इस परियोजना हेतु **मुंगेर जिला** में भूमि अर्जन की कार्रवाई प्रस्तावित है। इस परियोजना की समीक्षा उच्च स्तर पर भी सतत रूप से की जा रही है।

- **मुंगेर जिला** में परियोजना के अंतर्गत जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मुंगेर द्वारा बताया गया कि महमदा मौजा में उपस्थित संरचना को हटवा दिया गया है, परन्तु मुआवजा भुगतान नहीं की गयी है। PD, Munger द्वारा बताया गया कि मौजा–मोहम्मद नगर एवं रामनगर में भू–अर्जन से संबधित कुछ समस्या हैं। इस संदर्भ में निदेश दिया गया कि जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मुंगेर एवं पी0डी0, मुंगेर साथ में स्थल निरीक्षण कर समस्या का समाधान करेंगे।

(ख) **4L Greenfield Alignment of Amas to Shivrampur from 0.000 km. to 55.002 km. of NH 119D (Pkg-1)** –इस परियोजना हेतु **गया जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है।

- **गया जिला** में इस परियोजना के अंतर्गत रैयतीकरण की समस्या होने के कारण 3.5 कि0मी0 भूमि जिनमें 5 गांव यथाः– आमस अंचल में धरमपुर एवं गंगती तथा गुरूआ अंचल में काज, इटवा एवं तराई का दखल–कब्जा अधियाची विभाग को नहीं सौंपा गया है। इस संदर्भ में निदेशालय से मार्गदर्शन की अपेक्षा की गयी है।

(ग) **4L Greenfield Alignment of Shivrampur To Ramnagar from km. 55.002 km. to 109.300 of NH 119D (Pkg-II)**–इस परियोजना हेतु **पटना/जहानाबाद जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **पटना जिला** में इस परियोजना हेतु 3डी0 की कार्रवाई के लिए अधियाची विभाग को प्रस्ताव भेज दिया गया है। PD पटना द्वारा अगले 2–3 कार्य दिवस में 3डी0 की कार्रवाई पूरी कर के जिला भू–अर्जन कार्यालय, पटना को उपलब्ध करवा दी जायेगी।
- **जहानाबाद जिला** में इस परियोजना हेतु 3ए0 की कार्रवाई पूरी कर ली गयी है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा 3डी0 की कार्रवाई के लिए दिनांक–22.04.2025 को भेज दिया जायेगा।

(घ) **4L of Bahadurganj Araria section from km 49.000 to km 94.000 (Pkg-II) of NH-327E**–इस परियोजना हेतु **किशनगंज जिला** में भूमि अर्जन की कार्रवाई लंबित है।

- **किशनगंज जिला** में इस परियोजना अन्तर्गत कुछ स्थानों पर वर्ष–1960 से निर्मित संरचनाओं का कोई प्रमाणित भू–साक्ष्य नहीं होने के कारण समस्या आ रही है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा बताया गया कि पी0डी0 किशनगंज द्वारा कोई सहयोग प्रदान नहीं किया जा रहा है।

(ङ) Muzaffarpur -Sonbarsa Section of NH-77 from km-2.800 to km-89.00 –इस परियोजना हेतु **सीतामढ़ी जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है।

- **सीतामढ़ी जिला** में इस परियोजना के अंतर्गत 6 गांवों में रैयतों द्वारा अधिक दर की मांग के कारण मुआवजा भुगतान की कार्रवाई नहीं हो पायी है। इस संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किया जाय।

(च) Improvement to two lane with paved shoulders of NH-319A from km 0 to km 45 in State of Bihar under EPC mode –इस परियोजना हेतु **कैमूर एवं बक्सर जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है।

- **कैमूर जिला** में इस परियोजना अंतर्गत 600 मीटर भूमि का दखल–कब्जा अधियाची विभाग को नहीं सौंपा गया है एवं मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की गति अत्यंत धीमी है। मुआवजा भुगतान हेतु अधिक से अधिक कैम्प का आयोजन करने का निदेश दिया गया। परियोजना कार्य को गति देने हेतु CALA (DCLR-Mohaniya) से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देना सुनिश्चित किया जाय।
- **बक्सर जिला** में इस परियोजना अंतर्गत कोई मुख्य समस्या नहीं है। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाय।

(छ) Construction to 2 lane with paved shoulder of Jnadaha bypass of NH-- **इस परियोजना हेतु वैशाल जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **वैशाली जिला में** इस परियोजना अंतर्गत निर्मित संरचना का 3G हेतु प्रस्ताव अधियाची विभाग को भेज दिया गया है। कैम्प के माध्य से लगातार मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय।

(ज) Construction of Bhabhua bypass- **इस परियोजना हेतु कैमूर जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **कैमूर जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत शेष कुछ मौजों के लिए दिनांक–19.04.2025 को 3A की कार्रवाई हेतु प्रस्ताव अधियाची विभाग को भेज दिया गया हैं। अन्य मौजों में मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया।

(झ) Improvement to Two lane with paved shoulders of BH WB Border Amdabad --- section- **इस परियोजना हेतु कटिहार जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **कटिहार जिला में इस** परियोजना अंतर्गत अधियाची विभाग द्वारा बताया गया कि 90 प्रतिशत मुआवजा भुगतान नहीं होने के कारण परियोजना कार्य आरंभ नहीं हुआ है। इस संदर्भ में जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कटिहार को निदेश दिया गया कि नोटिस करते हुए कैम्प का आयोजन, किया जाय एवं मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तीव्रता लाई जाय।

(ञ) Paved shoulder from Ramnagar-Rosada- **इस परियोजन हेतु दरभंगा एवं समस्तीपुर जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **दरभंगा जिला में इस** परियोजना अंतर्गत 146 करोड़ में से 86 करोड़ राशि का मुआवजा भुगतान किया गया है। भुगतान दर की कार्रवाई अत्यंत धीमी है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा को निदेश दिया गया कि प्रत्येक दूसरे दिन कैम्प का आयोजना किया जाय एवं मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तीव्रता लाई जाय।
- **समस्तीपुर जिला में इस** परियोजना अंतर्गत कोई मुख्य समस्या नहीं है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, समस्तीपुर को निदेश दिया गया कि कैम्प का आयोजना करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तीव्रता लाई जाय।

(ट) Per-Construction activities from km 134.000 to km 190.233 of NH-333A and construction of 4 no. of bypasses at Katoria, Lakhpura, Banka & Panjwara- **इस परियोजना हेतु बाँका जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **बाँका जिला में इस** परियोजना अंतर्गत 46.35 करोड़ में से 8.00 करोड़ राशि का मुआवजा भुगतान किया गया है। अधियाची विभाग द्वारा बताया गया कि परियोजना कार्य आरंभ है परन्तु सड़क निर्माण कार्य अभी तक आरंभ नहीं किया गया है। इस संदर्भ में 90 प्रतिशत मुआवजा भुगतान करवाने हेतु कैम्प का आयोजना करते हुए भुगतान की कार्रवाई में तीव्रता लाई जाय।

(ठ) 6L Greenfield Varanasi-Ranchi-Kolkata highway from Anarbansalea village to Sagrampur village (From km 151+200 to km 184+700) (Packege-7)- **इस परियोजना हेतु गया, औरंगाबाद, सासाराम जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **गया जिला में इस** परियोजना अंतर्गत CALA (DCLR, Sherghati) द्वारा बताया गया कि 16.5 कि0मी0 में से 3 कि0मी0 भूमि का दखल–कब्जा सौंपने हेतु PD, गया को सूचित किया गया है।
- **औरंगाबाद जिला में इस** परियोजना अंतर्गत 11 कि0मी0 तक की भूमि CNG हेतु अधिग्रहित है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद को अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य में गति लाने का निदेश दिया गया है।

- **सासाराम जिला में इस** परियोजना अंतर्गत CALA (DCLR, Sherghati) द्वारा बताया गया कि 16.5 कि0मी0 में से 3 कि0मी0 भूमि का दखल–कब्जा सौंपने हेतु PD, गया को सूचित किया गया है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रोहतास द्वारा भूमि राशि पोर्टल में तकनीकी समस्याओं के कारण परियोजना कार्य में बाधा उत्पन्न होने की बात संज्ञान में लाई गयी। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया है।
- **कैमूर जिला में इस** परियोजना अंतर्गत पैकेज–4 एवं 5 के लिए ठकुरहट मौजा में आ रही चक की समस्या के संदर्भ में ठकुरहट मौजा में उपलब्ध प्रत्येक प्लॉट का सम्पूर्ण साक्ष्य निदेशालय को अविलम्ब उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

(ड) Per-Constructions activities from km 0.00 to km 53.133 of NH-105 (New NH-527B) and construction of 4 lane with paved shoulder of Darbhanga -Banwari Patti- **इस परियोजना हेतु दरभंगा एवं मधुबनी जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **दरभंगा जिला में इस** परियोजना अंतर्गत 31.32 करोड़ में से 2.70 करोड़ राशि का मुआवजा भुगतान किया गया है। रैयतों द्वारा मुआवजा दर को लेकर विरोध किया जा रहा है। इस संदर्भ में लगातार कैम्प आयोजित करवा के मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।
- **मधुबनी जिला में इस** परियोजना अंतर्गत 3D को रिवाइज्ड प्रस्ताव पुनः अधियाची विभाग को भेज दिया गया है। अधियाची विभाग से प्रस्ताव प्राप्त होते ही परियोजना कार्य प्रारंभ कर दी जायेगी।

(ढ़) Improvement and UP gradation to four lane with paved shoulder configuration from eXisting km NH-227A near Mehrauna Ghat (UP) to Siwan (Bihar)- **इस परियोजना हेतु सिवान जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **सिवान जिला में इस** परियोजना अंतर्गत जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिवान द्वारा भूमि राशि पोर्टल में तकनीकी समस्याओं के कारण परियोजना कार्य में बाधा उत्पन्न होने की बात संज्ञान में लाई गयी। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया है।

(ण) Construction of 4 lane with paved shoulder of Bhagalpur 'Kharhara village of NH-133E- **इस परियोजना हेतु भागलपुर एवं बाँका जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **भागलपुर जिला में इस** परियोजना अंतर्गत 76.00 करोड़ राशि के 3G राशि का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जिसे अधियाची विभाग द्वारा कम करने का प्रस्ताव दिया गया है। समन्वय करते हुए समस्या का समाधान करने का निदेश दिया गया।
- **बाँका जिला में इस** परियोजना अंतर्गत दिनांक–25.04.2025 तक 3G का प्रस्ताव अधियाची विभाग को भेजने का निदेश दिया गया।

(त) Per-Construction activities of NH-333A and Construction of 6 no of Mangobandhar, Kendua, Tolesono, Jhajha, Narganjo & Bhairogunj Bypass with 2 lane with paved shoulders standard in State of Bihar - **इस परियोजना हेतु सिवान जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **जमुई जिला में** इस परियोजना अंतर्गत 3G की कार्रवाई अधियाची विभाग द्वारा कर दी गयी है, परन्तु मुआवजा भुगतान की कार्रवाई नगन्य है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, जमुई को प्राप्त 14 रैयतों द्वारा प्राप्त आवेदनों पर मुआवजा भुगतान करने का निदेश दिया गया एवं इसकी सूचना निदेशालय को भी देना सुनिश्चित करेंगे।

(थ) Construction of 3 no of bypass at Shekhpura, jamuai & Khaira alongwith 1 no of realignment at sikandra to 2 lane with paved shoulder at NH- 333A - **इस परियोजना हेतु जमुई जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **जमुई जिला में इस** परियोजना अंतर्गत 3G की कार्रवाई अधियाची विभाग द्वारा 6 माह पूर्व ही कर दी गयी थी, परन्तु मुआवजा भुगतान की कार्रवाई नगन्य है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, जमुई कैम्प के माध्यम से मुआवजा भुगतान करने का निदेश दिया गया एवं इसकी सूचना निदेशालय को भी देना सुनिश्चित करेंगे।

सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–D.O-No-NH-11055/13/2014-P&M (Mon)Pt-1 दिनांक–07.04.2025 (छायाप्रति संलग्न) के साथ संलग्न राष्ट्रीय राजमार्ग की परियोजनाओं हेतु भू–अर्जन से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता निर्धारित कर हर स्तर पर लंबित मामलों का निष्पादन करते हुए सभी संबंधित जिला भू–अर्जन पदाधिकारियों को भू–अर्जन कार्य पूर्ण करने एवं कृत कार्रवाई का अनुपालन प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

29/4/25

(कमलेश कुमार सिंह),
निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांकः–14/डी0एल0ए0/मासिक समीक्षात्मक बैठक–01/2024–644, दिनांक–30/4/2025

**प्रतिलिपि** :– सभी समाहर्त्ता/जिला भू–अर्जन पदाधिकारी/सक्षम प्राधिकार भूमि अर्जन (CALA), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/4/25

निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांकः–644/ दिनांक–30/4/2025

**प्रतिलिपि** :– क्षेत्रीय पदाधिकारी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, क्लासिकोन शिवमित्रा अपार्टमेंट ब्लॉक–बी, प्रथम तल, विवेकानन्द मार्ग, बोरिंग रोड, पटना– 800013 ( ई-मेल- ropatna@nhai.org) को सूचनार्थ प्रेषित।

29/4/25

निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांकः–644/ दिनांक–30/4/2025

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

29/4/25

निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांकः–644/ दिनांक–30/4/2025

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

29/4/25

निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांकः–644/ दिनांक–30/4/25

**प्रतिलिपि** :– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को ई–मेल एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/4/25

निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

(7)